an>

Title: The Speaker made observation regarding commencement of sitting of the House for 23rd March 2020 at 2:00 pm instead of 11:00 am.

-

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्यगण, मुझे सभा को सूचित करना है कि 19 मार्च को मेरी सभी दलों के नेताओं से चर्चा हुई थी । कई माननीय सदस्यों ने मुझसे व्यक्तिगत रूप से आग्रह किया था कि हवाई उड़ानों के मार्ग में परिवर्तन होने के कारण हम सोमवार को सुबह 11 बजे तक नहीं पहुँच पाएंगे । माननीय सदस्यों के आग्रह पर सभा सोमवार को दोपहर 2 बजे से प्रारंभ होगी और उस समय प्रश्न काल का भी स्थगन किया जाता है ।

____

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्यगण, मुझे कुछ विषयों पर स्थगन प्रस्ताव की सूचनाएं प्राप्त हुई हैं । मैंने किसी भी स्थगन प्रस्ताव की किसी भी सूचना के लिए अनुमति प्रदान नहीं की है ।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: अगरअगले सोमवार को उसके अगले सोमवार के लिए रिक्वेस्ट होगी तो हम मानेंगे । अभी यह इस सोमवार के लिए है ।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: यह हर बार नहीं होगा । यह तो मैंने आपके रिक्वेस्ट करने पर माना है ।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: अधीर रंजन जी, आपका ऐडजर्न्मेन्ट मोशन क्या है?